प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का किया उद्घाटन, 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका पर दिया जोर।
2. कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे रांची, सीएमपीडीआई में 5जी यूज केस टेस्ट लैब समेत कई योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन।
3. राजस्व वृद्धि, चुनौतियां और समाधान विषय पर हुई समीक्षात्मक बैठक, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा–राजस्व प्राप्ति में लीकेज को करें दूर।
4. ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास कल फिर लेंगे भाजपा की सदस्यता, सदस्यता समारोह को लेकर रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में खास तैयारी।
5. केन्द्र ने झारखंड सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से टीबी–रोग उन्मूलन के लिए 100–दिन का अभियान शुरू करने का किया आग्रह।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका है। श्री मोदी ओडिशा के भुबनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने वैश्विक विकास और भारत की विकास यात्रा में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने विश्वभर में देश के राजदूतों के रूप में भारतीय प्रवासियों की सेवाओं को उजागर किया। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत न केवल लोकतंत्र की जननी है, बल्कि लोकतंत्र हमारी जीवन शैली में समाहित है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के तहत प्रवासी भारतीयों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन, प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा को भी हरी झंडी दिखाई।

******************

कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी आज से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस क्रम में श्री रेड्डी ने रांची स्थित सीएमपीडीआई में 5जी यूज केस टेस्ट लैब का उद्घाटन किया। साथ ही सीएमपीडीआई के नये लोगो और वेस्ट मटेरियल से बनाये गये स्क्रैप आर्ट का अनावरण भी किया। इस दौरान कोयला मंत्री ने सीएमपीडीआई के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। मौके पर श्री रेड्डी ने कहा कि 5जी टेक्नोलॉजी घरेलू टेक्नोलॉजी है और इस टेक्नोलॉजी का उपयोग कर माइनिंग की स्थिति, माइनिंग के समय का वेदर, व्हीकल के मूवमेंट समेत अन्य गतिविधियों पर नजर रखा जा सकता है। कोयला मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में कामगारों की सुरक्षा और कोल इंडिया में प्रोडक्शन बढ़ाने को लेकर भी इस तकनीकी का उपयोग किया जाएगा।

कोयलामंत्री ने इसके अलावा गांधी नगर कॉलोनी में मल्टी स्टोरी आवासीय परिसर के निर्माण कार्य का षिलान्यास और सीसीएल में सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर का भी उदघाटन किया।

******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विभागीय अधिकारियों को राजस्व प्राप्ति में को दूर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह निर्देश आज रांची में राजस्व वृद्धि, चुनौतियां और समाधान विषय पर आयोजित समीक्षात्मक बैठक में दिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्व प्राप्ति में क्या समस्या और

चुनौतियां हैं इस पर भी व्यापक चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि राजस्व वृद्धि को लेकर विभागीय एवं सरकारी अनुशासन के दायरे में रहकर के हम सब टीम भावना के रूप में कार्य करें।

*******************

संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर भाजपा 11 से 25 जनवरी तक झारखंड समेत देशभर में वृहत संविधान गौरव अभियान का आयोजन करेंगी। इसकी रुपरेखा तैयार करने के लिए आज रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा विधायक दल के पूर्व नेता अमर कुमार बाउरी ने बताया कि पार्टी की ओर से वृहत संविधान गौरव अभियान के दौरान प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। श्री बाउरी ने बताया कि इस दौरान भाजपा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के राष्ट्रवादी चरित्र और कांग्रेस द्वारा उनके अपमान के वृतांत को जनता के बीच लेकर जाएगी।

*******************

ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास कल फिर से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उनकी सदस्यता समारोह के लिए रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में खास तैयारी की जा रही है। समारोह में पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। इस बीच श्री दास ने आज राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनायें दी। इधर भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के भाजपा में वापसी से पार्टी और मजबूत होगी।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची के एक निजी अस्पताल में इलाजरत लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा से मुलाकात कर कुशलक्षेप जाना। इस दौरान राज्यपाल ने श्री मुंडा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत कई गणमान्य लोगों ने श्री मुंडा से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

*******************

पत्र सूचना कार्यालय रांची की ओर से भारतीय प्रबंधन संस्थान, आईआईएम रांची के सहयोग से आज फरवरी 2025 में दिल्ली में आयोजित होने वाले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट, वेव्स पर जागरूकता फैलाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान आईआईएम के निदेशक डॉ0 दीपक श्रीवास्तव समेत अन्य वक्ताओं ने वेव्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में आईआईएम के छात्रों ने भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म के परिदृश्य पर अपने प्रेजेंटेशन दिए, जिसमें दो अलग–अलग श्रेणियां में तीन श्रेष्ठ विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

*******************

धनबाद जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन ने कई आवश्यक निर्देश दिये। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से देश से तपेदिक रोग समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के तहत जेलों और सुधार संस्थानों में क्षय–रोग उन्मूलन के लिए 100–दिन का अभियान शुरू करने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने एक पत्र के जरिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जांच शिविर आयोजित करने तथा सभी जेलों में तपेदिक रोग से संबंधित सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री प्रदर्शित करने को कहा है।

*******समाप्त***********